SAMPLE QUESTION PAPER

# HINDI

## Class - XI

Government of Kerala
Department of Education

Prepared by
State Council of Educational Research and Training (SCERT), Kerala

2014

# *Guidelines for the Preparation of Question Paper for*
## HIGHER SECONDARY EDUCATION 2014 - 15

### Introduction

Term evaluation is an important aspect of Continuous and Comprehensive Evaluation (CCE). It covers the **assessment of learning** aspect of the CCE. The Kerala School Curriculum 2013 postulated that the examination system should be recast so as to ensure a method of assessment that is a valid, reliable and objective measure of student development and a powerful instrument for improving the learning process. The outcome focused written tests are being used as tools for terminal assessment. Practical assessment is also considered for some subjects. The syllabus, scheme of work, textual materials, teacher texts and learning experiences may be considered while developing tools for term evaluation.

In order to make the examination system effective and objective, quality of the question paper needs to be ensured. Questions of different types considering various learning outcomes, thinking skills and of varying difficulty levels are to be included in the question paper. This makes question paper setting a significant task that has to be undertaken with the support of proper guidelines.

The guidelines for the preparation of the question paper have been divided into four heads for its effective implementation and monitoring. The areas are **i) preparatory stage, ii) nature of questions, iii) question paper setting and iv) structure of the question paper**.

### I. Preparatory stage

Before starting the process of question paper setting, the question paper setter should ensure that she/he has:

- Familiarised the current syllabus and textbook of the concerned subject.
- secured the list of Los (Learning Outcomes) relating to the subject.
- acquired the list of thinking skills applicable to the subject (See appendix).
- prepared a pool of questions from each unit of the subject.
- verified the scheme of work and weight of score for each unit/lesson.
- gone through guidelines for the preparation of question paper for higher secondary education – 2014.

### II Nature of questions

Questions selected from the pool to be included in the question paper should reflect the following features:

- stem of the question text should be relevant to the question posed.
- multiple choice questions should be provided with four competitive distracters.
- the possibilities of higher order thinking skills should be considered while setting MCQs
- time allotted for each question should be justified according to the thinking skills involved.

- the scope and length of the answer should be clearly indicated.
- questions should be prepared by considering the learning level of the learner.
- the question should focus on the learning outcomes.
- a wide range of thinking skills and learning outcomes from each unit/lesson should be considered.
- varied forms of questions should be covered.
- there should be a balance between the time allotted and the level of question.
- question should be very specific and free from ambiguity.
- question text should not be too lengthy and complicated.
- questions can be prepared based on a single or a cluster of learning outcomes which is scattered over one particular unit or units.
- cluster of learning outcomes from different units can be considered only for graded questions (questions with sub-divisions).
- the possibilities of graded questions reflecting different thinking skills can be explored.
- while preparing questions for language papers importance should be given to the language elements, language skills, discourses, textual content and elements of creativity.
- while preparing questions for subjects other than languages, importance should be given to content, concepts and skills.
- questions should cater the needs of differently abled learners and CWSEN (Children With Special Education Needs)
- the questions should contain varied forms such as objective type with specific focus to multiple choice test items and descriptive types (short answer and essay types).
- directions regarding the minimum word limit for essay type questions should be given.
- sufficient hints can be provided for essay type questions, if necessary.
- maximum usage of supporting items like pictures, graphs, tables and collage may be used while preparing questions.
- questions which hurt the feelings of caste, religion, gender, etc. must be completely avoided.

## III. Question paper setting

During the process of question paper setting the question setter should:

- prepare a design of the question paper with due weight to content, learning outcomes, different forms of questions and thinking skills.
- prepare a blue print based on the design.
- prepare scoring key indicating value points and question based analysis along with the question paper.
- while preparing scoring key, thinking skills should also be integrated.

- 60% weight should be given to thinking skills for conceptual attainment and 40% to thinking skills for conceptual generation.
- 15 to 20% weight of total scores must be given to objective type questions and up to 30% weight of total score must be given to essay type questions.
- the highest score that can be given to a question in the question paper is limited to 10% of the total score.
- while fixing the time for answering a question, time for reading, comprehending and writing the answer must be considered.
- The total time limit of the question paper - two hours for 60 scores and 2.30 hours for 80 scores question papers with an extra cool-off time of 15 minutes.

**IV. Structure of the question paper**

The question paper should reflect the following features in general:

- general instructions for the question paper should be given on the top.
- instructions for specific questions can be given before the question text.
- monotony of set patterns (objective or descriptive) should be avoided.
- questions should be prepared in bilingual form.
- there should not be any mismatch between the bilingual versions of the questions.
- choice can be given for questions up to 20% of the total score.
- while giving choice, alternative questions should be from the same unit with the same level of thinking skills.
- in the case of languages, language of the questions and answers should be in the particular language concerned. Necessary directions in this regard must be given in the question paper.

THINKING SKILLS

| Category/ processes | Alternative terms |
|---|---|
| **1. Remember** | **Retrieve relevant knowledge from long-term memory** |
| 1.1. *Recognising* | identifying- (e.g. Recognize the dates of important events in Indian history) |
| 1.2. *Recalling* | retrieving - (e.g. Recall the major exports of India) |
| **2. Understand** | **Construct meaning from instructional messages, including oral, written and graphic information** |
| 2.1. *Interpreting* | clarifying, paraphrasing, representing, translating (e.g. Write an equation [using B for the number of boys and G for the number of girls] that corresponds to the statement 'There are twice as many boys as girls in this class') |
| 2.2. *Exemplifying* | illustrating, instantiating (e.g. Locate an inorganic compound and tell why it is inorganic) |
| 2.3. *Classifying* | categorizing, subsuming (e.g. Classify the given transactions to be recorded in Purchase returns book and Sales returns book) |

| | |
|---|---|
| 2.4. *Summarising* | abstracting, generalizing (e.g. Students are asked to read an untitled passage and then write an appropriate title.) |
| 2.5. *Inferring* | concluding, extrapolating, interpolating, predicting (e.g. a student may be given three physics problems, two involving one principle and another involving a different principle and ask to state the underlying principle or concept the student is using to arrive at the correct answer.) |
| 2.6. *Comparing* | contrasting, mapping, matching (e.g. Compare historical events to contemporary situations) |
| 2.7. *Explaining* | constructing models (e.g. the students who have studied Ohm's law are asked to explain what happens to the rate of the current when a second battery is added to a circuit.) |
| **3. Apply** | **Carry out or use a procedure in a given situation** |
| 3.1. *Executing* | Carrying out (e.g. Prepare Trading and Profit and loss Account from the Trial Balance given and find out the net profit.) |
| 3.2. *Implementing* | using (e.g. Select the appropriate given situation where Newton's Second Law can be used) |
| **4. Analyse** | **Break material into its constituent parts and determines how the parts relate to one another and to an overall structure or purpose** |
| 4.1. *Differentiating* | discriminating, distinguishing, focusing, selecting (e.g. distinguish between relevant and irrelevant numbers in a mathematical word problem) |
| 4.2. *Organising* | finding coherence, integrating, outlining, parsing, structuring (e.g. the students are asked to write graphic hierarchies best corresponds to the organisation of a presented passage.) |
| 4.3. *Attributing* | deconstructing (e.g. determine the point of view of the author of an essay in terms of his or her ethical perspective) |
| **5. Evaluate** | **Make judgements based on criteria and standards** |
| 5.1. *Checking* | coordinating, detecting, monitoring, testing (e.g. after reading a report of a chemistry experiment, determine whether or not the conclusion follows from the results of the experiment.) |
| 5.2. *Critiquing* | judging (e.g. Judge which of the two methods is the best way to solve a given problem) |
| **6. Create** | **Put elements together to form a coherent or functional whole; reorganize elements into a new pattern or structure** |
| 6.1. *Generating* | hypothesizing (e.g. suggest as many ways as you can to assure that everyone has adequate medical insurance) |
| 6.2. *Planning* | designing (e.g. design social intervention programmes for overcoming excessive consumerism) |
| 6.3. *Producing* | constructing (e.g. the students are asked to write a short story based on some specifications) |

Considering the intellectual level of learners, while setting the question paper;

1. **60% weight may be given to thinking skills used for factual and conceptual attainment and**

2. **40% weight may be given to thinking skills for conceptual generation** (higher thinking skills has to be ensured in this category). Thinking skills for conceptual generation means thinking skills needed for elaborating the concepts.

   ***Refer the range of thinking skills given above. We can include the thinking skills no.1.1 to 3.2 (11 processes) under first category and 4.1 to 6.3 (8 processes) under second category.***

## Guide lines for setting question paper - Hindi (Second Language)

- निबंधात्मक प्रश्नों के साथ आवश्यक सूचनाएँ ज़रूर देनी हैं।
- कविता संबंधी प्रश्नों के लिए चुनी जानेवाली कविताएँ पाठ्यपुस्तक की ही होने हैं।
- पाठ्यपुस्तक के पारिभाषिक शब्दार्थ के आधार पर ही परिभाषिक शब्दावली संबंधी प्रश्न पूछ्ने हैं।
- अनुवाद का प्रश्न दैनिक जीवन से संबंधी वार्तालाप के आधार पर होना है।

SET - 1

# SAMPLE QUESTION PAPER 2014 - 2015

## PART - II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

HSE-I

Time : 2 ½ hrs

Cool off time : 15 Minutes

***General Instruction to candidates***

- There is a 'cool-off time' of 15minutes in addition to the writing time of 2 ½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the cool-off time.
- Use the 'cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers
- Read the questions carefully before answering.

**सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अंधकार का जलधि लाँघकर
आवेंगी शशि-किरनें
अंतरिक्ष छिड़केगा कन-कन
निशि में मधुर तुहिन को

इस एकांत सृजन में कोई
कुछ बाधा मत डालो
जो कुछ अपने सुंदर से हैं
दे देने दो इनको ।

1. यह कवितांश किस कविता से लिया गया है? 1
2. कविता के 'जलधि' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखें । 1
   (नदी , तालाब , समुद्र, झरना)
3. शशि-किरनें कैसे आएँगी? 2
4. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। 6

**सूचना : पत्र लिखें।**

5. 'तो इस अपराध के लिए मुझे क्षमा कौन कर सकता है'- पश्चाताप से विवश छोटा भाई सालों बाद क्षमा माँगते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखता है। वह **पत्र** लिखें। 7

**सूचनाःयह परिच्छेद पढ़ें और 6 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

विनोद अम्मा को लेने गाँव पहुँचा। 'अम्मा ...बहुत परेशानी है, तुम कुछ दिन मेरे साथ चलो तो तुम्हारी बहू को थोड़ा आराम मिल जाएगा।' अम्मा ने कहा – 'बेटे, पिछले साल तुम्हारे पास मेरे मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए समय नहीं था, वह तो पड़ोस के मास्टरजी का लडका कैलाश शहर ले जाकर करवा लाया। मन बहुत दुखता है बेटा, अपनों का परायापन अब सहन नहीं होता। बाकी के दिन तुम मुझे परायों के अपनेपन के बीच ही काट लेने दो।' विनोद खामोश हो गया और बेरंग शहर लौट गया।

(मोतियाबिंद - cataract, दुखता है - वेदना होती है, परायापन - अन्य होने का भाव, अपनापन - अपना होने का भाव, काट लेना - बिताना, खामोश - निश्शब्द, बेरंग - विवर्ण होकर )

6. विनोद क्यों गाँव पहुँचा? 1

7. बेटे के पास किसके लिए समय नहीं था? 1

8. माँ का मन क्यों दुखता है? 2

9. शहर लौटनेवाला विनोद उस दिन की घटना को डायरी में लिखता है। वह **डायरी** लिखें। 7

10. परिच्छेद का **संक्षेपण** करें। 6

11. संक्षेपण के लिए शीर्षक दें । 1

**सूचना : उचित हिंदी शब्द चुनकर मिलान करें । (प्रश्न 12 - 17)** **6**

(अंतर्जाल, संसाधन, प्रारूप, सार्वजनिक, प्रस्थान, खोज, संचिका)

12. Public -
13. Format -
14. Sign out -
15. Internet -
16. File -
17. Resource -

**सूचना : दोहा पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।**

दुख में सुमिरन सब करें, सुख में करै न कोय।

जो सुख में सुमिरन करें, तो दुख काहे होय।।

18. 'स्मरण' शब्द का समानार्थी शब्द दोहे से ढूँढ़कर लिखें। 1

19. दोहे का भावार्थ लिखें। 4

**सूचना :'जुलूस' नाट्यरूपांतर के मैकू के ये कथन पढ़ें।**

- ▶ अरे बड़ें आदमी काहे जुलूस में आने लगे? अंग्रेज़ी राज में उन्हें कौन कमी?
- ▶ अब तो भाई, रूका नहीं जाता... मैं भी जुलूस में शामिल होऊँगा।
- ▶ हमारा बड़ा आदमी तो वही है जो लंगोटी बाँधे नंगे पाँव घूमता है।

20. कथनों के आधार पर मैकू के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। 4

21. **सूचना : निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद करें।** 6

Arun : May I come in Teacher?

Teacher : Yes, why didn't you come yesterday?

Arun : Sorry Teacher, my mother was ill. I was looking after her .

Teacher : Oh! how is she now ?

Arun : Now she is all right.

Teacher : Okay, go to your seat.

(look after = देख-भाल करना )

**सूचना : 22 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** (3x8=24)

22. **सूचकों के आधार पर किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें।**

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद,छायांकन,संपादन,गीत आदि
- फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोण

23. **सूचना : संपादकीय तैयार करें - जल की कमी और जल का दुरुपयोग जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न करता है।**

- जल जीवन का आधार
- जल प्रदूषण और दुरुपयोग
- जल की सुलभता में कमी
- जल शोषण के प्रकार
- जल स्रोतों का संरक्षण

**सूचना : आनंद की फुलझड़ियाँ निबंध का निम्नलिखित अंश पढ़ें ।**

'हो सकता है कि उस दिन शाम को उसने अपने दोस्तों में इस छोटी-सी घटना का जिक्र किया हो या अपनी पत्नी से यह बात अभिमान के साथ कही हो'।

24. बैंक का क्लर्क और पत्नी के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।

- लेखक का बैंक जाना
- क्लर्क की हस्तलिपि की प्रशंसा करना
- क्लर्क का प्रसन्न हो जाना

**सूचना:यह रपट पढ़ें।**

**वर्षाकालीन बीमारियाँ: स्थाई रोकधाम की माँग ज़ोर**

आलप्पुषाः केरल में वर्षाकालीन बीमारियाँ फैल रही हैं। बीमारियों की स्थाई रोकधाम की माँग ज़ोर पकड़ रही है। इस दिशा में सरकार हर साल लाखों रुपए व्यय कर रही है। मलेरिया, डेंगु और अन्य जलजन्य रोगों पर काबू पाने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएँ बनाई हैं।...

25. वर्षाकालीन रोगों की रोकधाम के लिए सरकार द्‌वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए गिरीश कुमार, अशोक विहार, आलप्पुषा की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, केरल सरकार के नाम **सूचना अधिकार पत्र** तैयार करें।

26. मान लें, कुछ सालों के बाद 'अनुताप' का यात्री अपनी आत्मकथा लिखता है। सूचनाओं के आधार पर उसकी आत्मकथा का यह अंश तैयार करें।

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- हमदर्दी का अभाव
- पश्चाताप से उत्पन्न अनुताप

# Answer Key

| Qn. No. | Scoring key/Indicators | split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 1 | मधुऋतु | 1 | 1 |
| 2 | समुद्र | 1 | 1 |
| 3 | कविता का आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 2 | 2 |
| 4 | • कवि का परिचय दिया है।<br>• कविता की काव्यधारा और रचनाकाल की सूचना है।<br>• कविता का सार है।<br>• अपने दृष्टिकोण में कविता का विश्लेषण किया है। | 1<br>1<br>2<br>2 | 6 |
| 5 | • स्वाभाविक शुरुआत है।<br>• पुरानी घटना की याद आई है।<br>• अपने अपराध पर पश्चाताप प्रकट किया है।<br>• बडे भाई के जवाबी पत्र की माँग की है।<br>• पत्र की रूपरेखा है। | 1<br>2<br>1<br>1<br>2 | 7 |
| 6 | अम्मा को लेने | 1 | 1 |
| 7 | मोतियाबिंद के ऑपरेशन केलिए | 1 | 1 |
| 8 | आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 2 | 2 |
| 9 | • अनुभव की सूचना है।<br>• आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है।<br>• संवेदना की अनुभूति है।<br>• आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2<br>2<br>2<br>1 | 7 |
| 10 | • मुख्य आशयों का चयन किया है।<br>• अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है।<br>• अपनी भाषा में आशय प्रस्तुत किया है। | 2<br>2<br>2 | 6 |
| 11 | उचित शीर्षक का चयन। | 1 | 1 |
| 12 | सार्वजनिक | 1 | 1 |
| 13 | प्रारूप | 1 | 1 |
| 14 | प्रस्थान | 1 | 1 |
| 15 | अंतर्जाल | 1 | 1 |
| 16 | संचिका | 1 | 1 |
| 17 | संसाधन | 1 | 1 |
| 18 | सुमिरन | 1 | 1 |
| 19 | दोहे का विश्लेषण करके भाव प्रस्तुत किया है। | 4 | 4 |
| 20 | • चरित्र पर प्रकाश डालनेवाले संवादों का विश्लेषण किया है।<br>• चरित्र की विश्लेषता समझी है।<br>• विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है।<br>• चरित्र की विशेषताओं का समर्थन अपने दृष्टिकोण से किया है। | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | • संवाद का आशय ग्रहण किया है।<br>• लक्ष्य भाषा में अनुवाद किया है।<br>• लक्ष्य भाषा की शैली का पालन किया है। | 2<br>2<br>2 | 6 |
| 22 | • फिल्म का संक्षिप्त परिचय दिया है।<br>• अभिनय की खूबियाँ/कमियाँ बताई है।<br>• निदेशक की क्षमता को अंकित किया है।<br>• पटकथा, संवाद, ध्वन्यांकन, छायांकन आदि की चर्चा की है।<br>• अपने विचारों का समर्थन किया है। | 2<br>2<br>1<br>2<br>1 | 8 |
| 23 | • तथ्यों की सटीक प्रस्तुति हुई है।<br>• समस्या के विभिन्न कारण प्रस्तुत किया है।<br>• समस्या-समाधान के सुझाव प्रस्तुत किया है।<br>• अनावश्यक विस्तार नहीं है।<br>• आकर्षक शीर्षक है। | 2<br>2<br>2<br>1<br>1 | 8 |
| 24 | • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है।<br>• स्वाभाविक शुरुआत है।<br>• प्रश्नोत्तर शैली है।<br>• प्रवाहमयता है।<br>• कल्पना है।<br>• स्वाभाविक अंत है। | 1<br>1<br>2<br>1<br>2<br>1 | 8 |
| 25 | • विषय का सही चयन किया है।<br>• विषय की सूचना है।<br>• विषयानुकूल सूचनाएँ माँगी है।<br>• पत्र के सभी अंगों का समावेश है। | 2<br>2<br>3<br>1 | 8 |
| 26 | • अनुभव की सूचना है।<br>• अनुभवों को क्रमबद्ध किया है।<br>• संवेदना की अभिव्यक्ति है<br>• आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2<br>2<br>2<br>2 | 8 |

**SET - 2**

# SAMPLE QUESTION PAPER 2014 - 2015

## PART - II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

**HSE-I** Time : 2 ½ hrs

Cool off time : 15 Minutes

***General Instruction to candidates***

- There is a 'cool-off time' of 15minutes in addition to the writing time of 2 ½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the cool-off time.
- Use the 'cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers
- Read the questions carefully before answering.

**सूचना : यह घटना पढ़ें और 1 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

शादी में कार मिली। पत्नी ने अपने पति से कहा, "सुनो, हम भी एक ड्राइवर रख लें?"

"तुम्हारे घर में कई कारें थीं, तुमने कार चलाना क्यों नहीं सीखा?"

"कई कारें थीं तो कई ड्राइवर भी थे...कार चलाना सीखने की कभी ज़रूरत भी महसूस नहीं हुई...फिर भी मैंने सीखनी चाही थी, पर पापा-मम्मी ने नहीं सीखने दी।" "क्यों?"

"भाई ने सीखी थी। एक बार उसका एक्सीडेंट हो गया...यह समझो कि वह मरते मरते बचा था, तब से उसकी ड्राइविंग पर पाबंदी लगा दी गई थी और मुझे भी सीखने से मना कर दिया।"

"एक्सीडेंट क्या ड्राइवर से नहीं हो सकता?"

"हो सकता है किंतु खतरा अक्सर आगे बैठनेवाले का ही होता है, हाथ-पैर टूटेंगे या मरेगा तो ड्राइवर मरेगा।" (पाबंदी - नियंत्रण, खतरा -danger)

1. शादी में क्या मिली ? 1
2. एक्सीडेंट में खतरा अक्सर किसका होता है? 1
3. पत्नी ने कार चलाना क्यों नहीं सीखा? 3
4. उपर्युक्त घटना का **संक्षेपण** करें । 6
5. संक्षेपण के लिए शीर्षक लिखें । 1
6. मान लें, शादी में पत्नी को नई मॉडल कार मिली है। उस मॉडल कार की बिक्री बढ़ाने के लिए अखबार में छपे कंपनी का विज्ञापन तैयार करें। 6

(सहायक बिंदु : • रफ्तार • रंग • टेक्नॉलजी • डिज़ाइन • अन्य सुविधाएँ )

**सूचना : डायरी लिखें।**

7. "मिट्टी के तेल की ढिबरी के प्रकाश में देखा वह दृश्य उसकी आँखों के सामने से न हटता था।"
इस प्रसंग के आधार पर दिलीप के उस दिन की **डायरी** लिखें । 7

- बच्चे से भेंट
- माँ-बेटे का प्यार
- माँ की परेशानी
- असली दुख की पहचान और तुलना

**सूचनाः कोष्ठक से सही हिंदी शब्द चुनकर मिलान करें। (प्रश्न 8 - 13)** 6

(कूड़ेदान, संचिका, संकेत, प्रक्रम, बातचीत, संसाधन, महत्वपूर्ण)

8. Symbol -

9. Important -

10. Resource -

11. Chats -

12. Programme -

13. Trash -

**सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 14 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पत्थर की बैंच
जिसपर अंकित है आँसु, थकान
विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ
इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़ कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है
पता नहीं सबसे पहले कौन आसीन हुआ होगा
इस पत्थर की बैंच पर !

14. इन पंक्तियों के कवि कौन हैं ? 1

(जयशंकर प्रसाद, पवन करण, चंद्रकांत देवताले, रामधारी सिंह दिनकर)

15. पत्थर की बेंच के लिए क्या शुरू हो सकता है ? 1

16. पत्थर की बेंच पर क्या-क्या अंकित हैं? 2

17. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । 6

18. **अंग्रेजी की यह बातचीत पढ़ें और हिंदी में अनुवाद करें।** 6

Student : could you please give me the audio CD of 'Juloose' drama ?

Teacher : Sure, what for ?

Student : we wish to present this drama on Hindi Day.

Teacher : very good. Have you started rehersal ?

Student : Yes. we started it yesterday.

Teacher : All the best...

Student : Thank you.

**सूचनाः निम्नलिखित दोहा पढ़ें और 19 से 20 तक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय।
भक्ति करै कोई सूरमा, जाति बरन कुल खोय ।।

19. कौन भक्ति कर सकता है? 1
(कामी, क्रोधी, शूर, लालची)

20. दोहे का भावार्थ लिखें। 4

**सूचना : 'जुलूस' नाट्यरूपांतर के शंभुनाथ के ये कथन पढ़ें।**

- देख रहे हैं न दीनदयाल जी! सबके सब काल के मुँह में जा रहे हैं।
- जिस काम में चार बड़े आदमी अगुआ होते हैं... सरकार पर भी उसकी धाक बैठ जाती है।
- एक दिन तो मरना ही है, जो कुछ होना है हो...आखिर वे लोग, सभी के लिए तो जान दे रहे हैं !

21. कथनों के आधार पर शंभुनाथ के चरित्र पर टिप्पणी लिखें । 4

**सूचनाः** 22 **से** 26 **तक के प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> के उत्तर लिखें ।** 3x8 = 24

22. आज भी वह रकम अमरीका में ज़रूरतमंदों के हाथों में घूम रही है। मान लें, वह रकम अपने वर्तमान अनुभवों का, आत्मकथा के रूप में ज़िक्र करती है। वह **आत्मकथांश** लिखें ।
    - ♦ समाज की पूँजी अमीरों के हाथ में
    - ♦ धन के असमान वितरण से सामाजिक असंतुलन
    - ♦ ज़रूरतमंद के हाथों में पूँजी का सौगुना मूल्य

**सूचनाः ये सुर्खियाँ पढ़ें।**

*देश में नारी-उत्पीडन पर रोक की ज़रूरत*

*नारी-उत्पीडन रोकने के लिए सरकार कटिबदध*

*नारी-उत्पीडन :कानूनी दंड अपर्याप्त*

23. कुमारी अंजली, 13 सी/1, कण्णूर, नारी-उत्पीडन रोकने की दिशा में सरकार की ओर से की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी, गृह विभाग, केरल सरकार के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार करती है। वह **पत्र** तैयार करें ।

24. **'वन-संरक्षण सबका दायित्व'** विषय पर संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए आलेख तैयार करें।
    - ♦ पेड़-पौधे प्रकृति के वरदान
    - ♦ धरती की हरियाली
    - ♦ गर्मी से धरती का बचाव
    - ♦ भूक्षरण की रोक
    - ♦ सामाजिक दायित्व
    - ♦ वन महोत्सव का प्रोत्साहन

    (भूक्षरण - मिट्टी का नाश)

25. मान लें, 'अनुताप' का यात्री किसी अपराधी की भांति सिर झुकाकर दफ्तर पहुँच गया। एक मित्र उसकी उदासी का कारण जानना चाहता है। दोनों के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।
    - ♦ असलम की मृत्यु की खबर
    - ♦ उसके प्रति अपना व्यवहार
    - ♦ पश्चाताप से विवश

26. **सूचकों के आधार पर किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें।**
    - ♦ फिल्म का कथासार
    - ♦ पात्रों का अभिनय
    - ♦ निदेशक की भूमिका
    - ♦ पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन, गीत आदि
    - ♦ फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोण

## Answer Key

| Qn. No. | Scoring key/Indicators | split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 1 | कार | 1 | 1 |
| 2 | ड्राइवर का | 1 | 1 |
| 3 | आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 3 | 3 |
| 4 | • मुख्य बिंदुओं का चयन किया है।<br>• अनावश्यक विस्तार छोड़ा है।<br>• अपनी भाषा को स्वीकारा है। | 2<br>2<br>2 | 6 |
| 5 | • उचित शीर्षक का चयन | 1 | 1 |
| 6 | • विषय की जानकारी है।<br>• विज्ञापन की शैली अपनाई है।<br>• आकर्षक बनाया है। | 2<br>2<br>2 | 6 |
| 7 | • अनुभव की सूचना है।<br>• अनुभवों को क्रमबद्ध किया है।<br>• संवेदना की अभिव्यक्ति है।<br>• आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2<br>2<br>2<br>1 | 7 |
| 8 | संकेत | 1 | 1 |
| 9 | महत्वपूर्ण | 1 | 1 |
| 10 | संसाधन | 1 | 1 |
| 11 | बातचीत | 1 | 1 |
| 12 | प्रक्रम | 1 | 1 |
| 13 | कूडेदान | 1 | 1 |
| 14 | चंद्रकांत देवताले | 1 | 1 |
| 15 | हत्याओं का सिलसिला | 1 | 1 |
| 16 | कविता का आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 2 | 2 |
| 17 | • कविता का परिचय दिया है।<br>• कविता, काव्यधारा और रचनाकाल की सूचना है।<br>• कविता का सार है।<br>• अपने दृष्टिकोण में कविता का विश्लेषण किया है। | 1<br>1<br>2<br>2 | 6 |
| 18 | • संवाद का आशय ग्रहण किया है।<br>• लक्ष्य भाषा में अनुवाद किया है।<br>• लक्ष्य भाषा की शैली अपनाई है। | 2<br>2<br>2 | 6 |
| 19 | शूर | 1 | 1 |
| 20 | • दोहे का विश्लेषण किया है।<br>• दोहे का भाव लिखा है। | 2<br>2 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | • संवाद का प्रसंग समझ लिया है।<br>• चरित्र की विशेषता समझी है।<br>• विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है।<br>• अपना दृष्टिकोण अभिव्यक्त किया है | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |
| 22 | • अनुभव की सूचना है।<br>• अनुभवों की क्रमबद्धता है।<br>• संवेदना की अभिव्यक्ति है।<br>• आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2<br>2<br>2<br>2 | 8 |
| 23 | • विषय का चयन सही है।<br>• विषय की सूचना है।<br>• विषयानुकूल सूचनाएँ माँगी हैं।<br>•पत्र के सभी अंगों का समावेश है। | 2<br>2<br>2<br>2 | 8 |
| 24 | • विषय की जानकारी है।<br>• समस्याओं की प्रस्तुति है।<br>• लेख में क्रमबद्धता है।<br>• अपनी भाषा का प्रयोग है। | 2<br>2<br>2<br>2 | 8 |
| 25 | • प्रसंगानुकूल अभिव्यक्ति है।<br>• स्वाभाविक शुरुआत है।<br>• प्रश्नोत्तर शैली है।<br>• प्रवाहमयता है।<br>• स्वाभाविक अंत है। | 1<br>1<br>2<br>2<br>2 | 8 |
| 26 | • फिल्म का संक्षिप्त परिचय है।<br>• अभिनय की खूबियाँ/कमियाँ बताई हैं।<br>• निर्देशक की क्षमता अंकित है।<br>• पटकथा, संवाद, ध्वन्यांकन, छायांकन आदि की चर्चा है।<br>• अपने विचारों का समर्थन है। | 2<br>2<br>1<br>2<br>1 | 8 |